आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 13.12.2025 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार,

- **मुख्यमंत्री ने भोपाल जिले के फंदा में अत्याधुनिक ई–बस डिपों का किया भूमिपूजन।**
- **केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा पशुपालन, छोटे किसानों की आमदानी बढ़ाने का सशक्त माध्यम।**
- **सरकार की योजनाओं और भविष्य की रणनीति पर चर्चा के लिए प्रदेश विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र 17 दिसंबर को।**
- **उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी के चलते प्रदेश में ठंड का बढ़ा असर।**

**प्रवेश द्वार–मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने आज भोपाल जिले के फंदा में सम्राट विक्रमादित्य प्रवेश द्वार और पीएम ई–बस सेवा योजनांतर्गत अत्याधुनिक ई–बस डिपो का भूमि–पूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा है कि राजा विक्रमादित्य के शौर्य, न्यायप्रियता और सांस्कृतिक चेतना को प्रतीकात्मक रूप से दर्शाने वाला सम्राट विक्रमादित्य प्रवेश द्वार न केवल ऐतिहासिक पहचान को सुदृढ़ करेगा, बल्कि क्षेत्र के सौंदर्यीकरण और नगरीय विकास को भी नई दिशा देगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने तुमड़ा गांव में सरदार पटेल स्कूल के निर्माण के लिए 5 करोड़ की राशि देने और फंदा का नाम 'हरिहर' करने की भी घोषणा की।

**किसान संगोष्ठी**

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज रायसेन जिले के ग्राम भगवंतपुरा में एक दिवसीय किसान संगोष्ठी में शामिल हुये। यह कार्यक्रम अनुसूचित जाति किसानों की आजीविका सुदृढ़ करने, वैज्ञानिक पशुपालन तकनीकों के प्रसार और उन्नत प्रबंधन पद्धतियों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस मौके पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पशुपालन छोटे किसानों और गरीब भाई–बहनों की आमदनी बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि हम किसानों को सशक्त और समृद्ध करने, गांवों को विकसित बनाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। कृषक संगोष्ठी में विशेषज्ञों द्वारा दुग्ध उत्पादन, पशुधन प्रजनन, पशु स्वास्थ्य, पोषण प्रबंधन तथा दुग्ध प्रसंस्करण से संबंधित व्याख्यान दिए गये।

**प्रधानमंत्री - केरल चुनाव**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल में स्थानीय निकाय चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने के लिए राज्य के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने आज कहा कि तिरुवनंतपुरम नगर निगम में गठबंधन को मिला जनादेश केरल की राजनीति में एक महत्वपूर्ण क्षण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पार्टी तिरुवनंतपुरम के विकास की दिशा में काम करेगी और लोगों के लिए जीवन की सुगमता को बढावा देगी। श्री मोदी ने इस चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके कठिन परिश्रम के लिए धन्यवाद भी दिया।

**अमित शाह**

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष जब बस्तर ओलंपिक का आयोजन होगा तब तक छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के साथ ही पूरा देश नक्सलमुक्त हो चुका होगा। श्री शाह ने कहा

कि सरकार ने यह संकल्प लिया है कि अगले पांच वर्षों के दौरान बस्तर को देश का सबसे विकसित आदिवासी संभाग बनाया जाएगा। इसके सभी सात जिलों में रहने वालों को आवास, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## विधानसभा विशेष सत्र

प्रदेश विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र 17 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि इस सत्र में प्रदेश को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में सरकार की योजनाओं और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

## सरकार –दो वर्ष

वर्ष 2023 में आज के दिन मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री कार्यकाल के आज दो वर्ष पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कल भोपाल में एक पत्रकार वार्ता की । आज प्रभारी मंत्रियों ने अपने-अपने संभागीय और जिला मुख्यालयों में जिला विकास सलाहकार समितियों के साथ बैठक कर मीडिया को संबोधित किया ।

**उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने आज** जबलपुर **में कहा कि इन दो वर्षो में सड़कों और अन्य कार्यों से लेकर स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। वहीं उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सागर में पत्रकार वार्ता में कहा कि राज्य सरकार विकास के प्रत्येक क्षेत्र में कार्य कर रही है। मंदसौर में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि पिछले दो वर्षों में मंदसौर जिले में सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलिब्धयां हासिल की गई है। सीहोर में पिछड़ा वर्ग मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि इन दो वर्षो में प्रदेश में विकास और तरक्की के कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं।**

## सांसद खेल ट्रॉफी

सतना में आयोजित सांसद खेल ट्रॉफी 2025 के तीसरे चरण की आज शुरुआत हुई। इस महोत्सव में वॉलीबॉल, फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, एथलेटिक्स, क्रिकेट, रस्साकसी, बास्केटबॉल और कुश्ती जैसे खेलों का आयोजन हुआ। जिसमें सतना और मैहर जिले के युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया।सांसद गणेश सिंह ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि फिट इंडिया फिट का लक्ष्य खेल के माध्यम से ही पूरा हो सकता है

## लोक अदालत– मध्यप्रदेश

प्रदेश में सिविल, मोटर दुर्घटना, टैक्स, जैसे लंबित मामलों को आपसी समझौते से निपटाने के लिए आज लोक अदालत आयोजन किया गया। जिला भोपाल अंतर्गत न्यायालयों में सभी प्रकार के प्रकरणों के निराकरण के लिए कुल 61 खंडपीठों का गठन किया गया था। जबलपुर, नर्मदापुरम सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी लोक अदालतों का आयोजन किया गया।

## मौसम

उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी के चलते प्रदेश इस बार कड़ाके की ठंड की चपेट में है। प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान लगातार गिर रहा है । इंदौर में कल रात बीते दस वर्षों की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। राजधानी भोपाल में भी ठंड का असर साफ नजर आया। यहां न्यूनतम तापमान 7 डिग्री से नीचे बना हुआ है। मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल अगले तीन दिनों तक शीतलहर का अलर्ट नहीं है, लेकिन ठंड से राहत मिलने की संभावना कम है।

## संक्षिप्त समाचार

- अनुसूचित जाति कल्याण विभाग मंत्री एवं आगरमालवा जिले के प्रभारी नागरसिंह चौहान ने आज आगरमालवा जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में कहा कि जिले में आम–आदमी की समस्याओं का समाधान त्वरित गति से किया जाए।

- पर्यटन मंत्री एवं खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

- शिवपुरी जिले में भारत सरकार की एडिप एवं वयोश्री योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को निशुल्क सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए कल पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया।

- राजगढ़ कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अभिसरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

----------------------------------------